भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

1. **सीईएन सं. आरपीएफ 02/2024 (पद - कांस्टेबल).**
2. **सीईएन सं. 01/2024 (पद – सहायक लोको पायलट)**
3. **सीईएन सं.. 03/2024 (पद - जेई, डीएमएस, सीएमए आदि)**

कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी- I और सीबीटी - II) के कार्यक्रम की सूचना

1. उपरोक्त सीईएन के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा का संभावित कार्यक्रम निम्नानुसार है :

क्र. सं.	सीईएन सं.	पद	परीक्षा	परीक्षा तिथियाँ
1.	सीईएन सं. आरपीएफ 02/2024	आरपीएफ कांस्टेबल (कार्यकारी)	सीबीटी	02.03.2025 to 18.03.2025
2.	सीईएन सं. 01/2024	सहायक लोको पायलट	सीबीटी-II	19.03.2025 & 20.03.2025
3.	सीईएन सं. 03/2024	जेई, डीएमएस, सीएमए आदि के विभिन्न पद	सीबीटी-II	**पुन: निर्धारित** *

* संशोधित तिथि यथासमय पर प्रकाशित की जाएगी ।

2. **परीक्षा शहर व तिथि देखने और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए यात्रा प्राधिकरण डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा ।**

3. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरू होगी ।

4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले परीक्षा केंद्र में उम्मीदवारों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र में सुगम प्रवेश के लिए www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन करके आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित करें यदि पहले से नहीं किया है ।

5. उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को देखने की सलाह दी जाती है। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

6. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके उम्मीदवारों को गुमराह करने की कोशिश करते है । आरआरबी में चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पर आधारित है और भर्ती केवल उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होती है ।

दिनांक :03-03-2025

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड